पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में स्टाफ क्लब द्वारा नूतन वर्ष–2020 मिलन समारोह

जबलपुर। आज दिनांक 02.01.2020 को नववर्ष सन् 2020 के उपलक्ष्य में स्टाफ क्लब मिलन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति जी का स्वागत, अभिनंदन एवं वंदन पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर की ओर से डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता एवं डॉ. सुनील नायक, अध्यक्ष, स्टाफ क्लब द्वारा किया गया। सभागार में उपस्थित सभी हमारे अग्रज एवं सेवानिवृत्त गुरूजनों का भी इस कार्यक्रम में स्वागत अभिनंदन एवं वंदन गुलाब पुष्प द्वारा किया गया। स्टाफ क्लब की ओर से इस सभागार में उपस्थित सभी विश्वविद्यालय के अधिकारीगणों का भी स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसी तारतम्य में यहां उपस्थित सभी स्टाफ क्लब के सदस्यो तथा नवागंतुकों का इस नववर्ष कार्यक्रम की शुभ बेला पर स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वागत भाषण डॉ. सुनील नायक, अध्यक्ष, स्टाफ क्लब, द्वारा उद्‌बोधन देते हुए कहा कि मिलन समारोह विगत 72 वर्षों में निरंतर हमारे स्टाफ क्लब द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस साल भी इस कार्यक्रम को हम हर्षोल्लास से मना रहे हैं, और मैं आशा करता हूँ कि यह नववर्ष – 2020 हमारे महाविद्यालय को नई उँचाईयों तक ले जायेगा। अंत मैं इस कार्यक्रम में उपर्स्थित सभी का स्वागत एवं अभिनंदन है। इसी अवसर पर कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता महादेय जी, ने उद्‌गार व्यक्त करते हुयें पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा गत वर्ष की उपलब्धियों एवं नववर्ष 2020 में भावी विकास कार्यो के विवरण से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम की श्रृखंला में सेवानिवृत्त आचार्यो में डॉ. सलिल कुमार जैन, डॉ. जे.एस. अरोरा तथा डॉ. एल.एल.व्ही.राव, द्वारा नूतन वर्ष 2020 की शुभकामनाओं के साथ अपने–अपने विचारों की अभिव्यक्ति से अभिभूत किया गया।

आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति जी, ने उद्‌गार व्यक्त करते हुये कहा कि अधिष्ठाता महोदय जी, ने जो गत वर्ष का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया, उसके लिये महाविद्यालय परिवार को बधाई प्रेषित करता हूँ, नवागन्तुकों को अवसर मिले और महाविद्यालय में संचालित शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों को सभी स्टाफ के प्राध्यापकों/वैज्ञानिकों द्वारा इस महाविद्यालय को **“प्लेटीनम जुबली समारोह”** की उँचाईयों की ओर पहुंचायें। जिससे प्रदेश व देश में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर की ख्याति उच्च स्तर पर प्राप्त कर सके। जिससे भविष्य में यह महाविद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर बढ़े। वर्तमान में नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में चहुमुखी विकास हो रहा है। जिससे इस वि.वि. के क्रियाकलापों शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों को संचालित क्रियान्वित करने हेतु मांग है। इस अवसर पर आपने विस्तार परियोजनाओं, गतिविधियों एवं मत्स्य पालन महाविद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यो पर प्रशंसा करते हुये बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में माननीय कुलपति जी, ने नूतन वर्ष 2020 पर अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि राजपूत एवं आभार प्रदर्शन डॉ. निधि गुप्ता द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)